हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

04 कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का शिवरीनारायण..



04 समाज भवन निर्माण व अनुदान राशि जल्द जारी...





निर्देश : दीपावली में सुरक्षा व शांति बनाए रखने के दिए कड़े निर्देश

# पुलिस अधीक्षक ने ली अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बलौदाबाजार पुलिस कार्यालय में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं था ना / चौ की प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में आगामी दीपावली त्योहार के मद्देनजर कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने और अपराध नियंत्रण के सख्त निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री द्वारा रायपुर में दिए गए दिशा-निर्देशों का जिले में पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

- गुंडा-गिरोह पर कड़ी कार्रवाई, चाकूबाजी पर विशेष निगरानी जरूरी



बैठक में भावना गुप्ता द्वारा त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने, शांति व्यवस्था बनाए रखने और ट्रैफिक सिस्टम सुचारू रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने भीड़ भाड़ वाले बाजारों, मुख्य मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए हैं। साथ ही अफवाह फैलाने वालों और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी पर्व के दौरान धार्मिक सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### बदमाशों के विरूद्ध बाउण्ड ओव्हर कराने के निर्देश

बैठक में गुण्डा निगरानी बदमाशों के विरूद्ध बाउण्ड ओव्हर कराने के निर्देश दिए गए एवं बाउण्ड ओव्हर का उल्लंघन करने वाले गुण्डा निगरानी बदमाशों के विरूद्ध सख्ती से वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। फरार निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों की पतासाजी करने एवं आसपास के क्षेत्रों के रहवासियों को अवगत कराएं कि ऐसे फरार निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों की आमद रफ्त की जानकारी अनिवार्य रूप से थाना/चौकी में देवें । बैठक में एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों की थानावार समीक्षा की गई एवं जिन थानों में प्रकरण का निराकरण समय सीमा में नहीं किया जा रहा है, उनके थाना/चौकी प्रभारियों को समय पर निराकरण के सख्त निर्देश दिए गए।

### चाकूबाजी की घटनाओं की रोकथाम पर जोर

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष रूप से ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा गया कि थाना/चौकी क्षेत्र में चाकूबाजी की घटनाओं की रोकथाम की जाए एवं किसी भी व्यक्ति के पास धारदार हथियार या अवैध रूप से चाकू पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाए एवं चाकू प्राप्ति/क्रय का स्त्रोत ज्ञात कर प्रत्यक्ष व ऑललाईन विक्रयकर्ताओं के विरूद्ध भी विधिक कार्यवाही की जाए।

# मोटरसाइकिल चोरी की गुत्थी सुलझी, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अर्जुनी निवासी प्रार्थी धर्मेंद्र रजक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 25 अगस्त को रात्रि 09 बजे ग्राम शुक्लाभाटा से वापस अपने घर अर्जुनी अपनी मोटरसाइकिल सीजी 22 एक्स 2557 में निकला था, कि शुक्लाभाटा मोड लटुवा रोड में फ्रेश होने के लिए गाड़ी में चाबी को छोड़कर मैदान तरफ चला गया था वापस आकर देखा तो वहां पर मोटरसाइकिल नहीं था जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 845/2025 धारा 303(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

- सड़क किनारे खड़ी बाइक को बना लिया था निशाना
- पाट्‌र्स बेचने की फिराक में थे आरोपी, पुलिस ने किया बरामद

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही किया गया। साथ ही मार्ग में स्थित दुकान पान ठेला एवं आसपास रहवासियों से भी गहन पूछताछ किया गया जिसके आधार पर पता चला की चोरी को उक्त मोटरसाइकिल को ग्राम लटुवा निवासी एक आरोपी चला रहा है। सूचना पर ग्राम लटुवा निवासी 4 आरोपियों - राहुल फेकर उम्र (20), खिलावन वर्मा उर्फ सोनू वर्मा (26), सूरज वर्मा (24) और पारस वर्मा (20) को हिरासत में लिया गया जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी का उक्त मोटरसाइकिल को चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपियों से चोरी का मोटरसाइकिल जिसका पाट्‌र्स आरोपियों द्वारा बेचने के लिए अलग-अलग निकाल दिया था बरामद किया गया है तथा सभी चारों आरोपियों को 14 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### बारिश से फसल डूबे और कीट प्रकोप से अन्नदाता संकट में



**घोटिया ।** पलारी ग्रामीण अंचल में विगत कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश ने क्षेत्र के अन्नदाताओं की कमर तोड़ दी है। खेतों में खड़ी धान की फसल बारिश और तेज हवाओं के कारण गिरकर डूब गई है। खेतों में पानी भर जाने से फसल सड़ने की स्थिति में पहुंच रही है। कई किसानों ने बताया कि धान की बालियां पककर झुक गई थीं, ऐसे में भारी वर्षा और जलभराव ने फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। बारिश की मार झेल रहे किसानों को अब भूरा माहू के प्रकोप ने और परेशान कर दिया है। किसानों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से वे कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कर रहे हैं, लेकिन बार-बार हो रही बारिश के कारण उसका प्रभाव नहीं टिक पा रहा है। इससे कीट प्रकोप नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। कई किसानों ने बताया कि दिन-रात मेहनत के बाद भी उन्हें अब अपनी मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। बारिश के कारण खेतों में पानी भर जाने से अब फसल कटवाना भी मुश्किल हो गया है। खेत के सूखने के बाद ही फसल कटाई शुरू की जाएगी। किसानों का कहना है कि अगर मौसम जल्द नहीं सुधरा तो पूरी फसल चौपट हो जाएगी। उन्होंने प्रशासन से राहत और सहायता की मांग की है। वहीं कृषि विभाग भी लगातार खेतों का निरीक्षण कर किसानों को कीट नियंत्रण तथा फसल बचाव के उपाय बताने में जुटे हैं। लगातार बरसात, जलभराव और कीट प्रकोप ने पलारी अंचल के अन्नदाताओं को बड़ी चिंता में डाल दिया है।

### भारत में बोर्ड परीक्षा प्रश्नपत्रों में एकरूपता लाने की पहल



**हथबंद ।** पूरे भारत देश में सभी बोर्ड की परीक्षा प्रश्नपत्रो में एकरूपता लाए जाने की सार्थक पहल के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण/सह कार्यशाला में स्वामी आत्मानंद स्कूल हथबंद की व्याख्याता अमी सोनी ने भाग लिया- भारत सरकार की मंशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पूरे भारत देश में सभी बोर्ड की परीक्षा प्रश्न पत्रों में एकरूपता लाए जाने की पहल की जा रही है । छत्तीसगढ़ में भी अध्यक्ष रेणु पिल्ले के संरक्षण एवं सचिव पुष्पा साहू के आदेशानुसार 8 एवं 9 अक्टूबर 2025 को दो दिवसीय प्रश्न पत्र निर्माण सेटर्स / मॉडरेटर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला मण्डल कार्यालय के सभा कक्ष में 9 से 12वीं तक की कक्षाओं में प्रश्न पत्र निर्माण में गुणवत्ता लाने हेतु कौशल विकास एवं उन्मुखीकरण राज्य स्त्रोत दल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्त्रोत दल में उपसचिव डॉ बी. रघु, सहायक प्राध्यापक डाक्टर प्रदीप साहू, मनीषी सिंट, शिवा सोमवंशी, अलक जैन, डॉ राजेश चन्दानी, अब्दुल हक डॉ. माधुरी बोरकर, मितांजली मोहंती ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रश्न पत्र का निर्माण, प्रस्तुतीकरण, प्रश्न पत्र मॉडरेशन, सिद्धांत व सावधानियाँ प्रश्नपत्र का आदर्श उत्तर एवं अंकन योजना निमार्ण आदि से संबंधित जिज्ञासा का समाधान किया गया।

# झांसे में लेकर व्यापारी से दो लाख से अधिक की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रार्थी राजकुमार वलेचा निवासी बजरंग चौक वलेचा मार्केटिंग बलौदाबाजार द्वारा आवेदन प्रस्तुत करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि मध्य बलौदाबाजार भाटापारा में कौशल विकास चलाने का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर फोन-पे एवं नगदी रकम आदि के माध्यम से कुल 2,06,000 प्राप्त कर आरोपी देवनाथ वर्मा द्वारा ठगी किया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 998/2025 धारा 420 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी देवनाथ वर्मा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा कौशल विकास चलाने का लाइसेंस दिलाने का झांसा देते हुए आरोपी से लाखों रुपए रकम की ठगी करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

**आरोपी**- देवनाथ वर्मा उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम सूरजपुरा थाना भाटापारा ग्रामीण



- कौशल विकास का झूठा लाइसेंस दिलाने का लालच देकर ठगी

# जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 17 को

**बलौदाबाजार ।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 17 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक नगर भवन बलौदाबाजार में किया जाएगा । इस मेले का उद्देश्य आम नागरिकों में आयुष पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाना, पारंपरिक औषधियों का महत्व बताना एवं स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ एवं गतिविधियाँ जिसमें योग प्रदर्शन एवं योग नृत्य-शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने हेतु विशेष योग प्रदर्शन, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, अनुभवी आयुर्वेद एवं होम्योपैथी विशेषज्ञों द्वारा परामर्श एवं औषधि वितरण, 3 माह से 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला सुवर्णप्राशन संस्कार शिविर, दुर्लभ औषधीय पौधों की प्रदर्शनी स्थानीय औषधीय पौधों की पहचान, उपयोग एवं संरक्षण पर जानकारी, आयुर्वेद औषधीय व्यंजन प्रदर्शन औषधीय सामग्री से बने पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी एवं लाभों की जानकारी प्रदान की जायेगी। शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का लाभ ले सकते है।

# सत्य, अहिंसा और सादगी के संदेश को जीवन में उतारने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय, बलौदाबाज़ार में 15 अक्टूबर 2025 को महात्मा गांधी जी की जीवनी से संबंधित जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रदर्शनी एवं वीडियो के माध्यम से जागरूकता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में बापू के आदर्शों – सत्य, अहिंसा और सादगी – के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए आर सी जेम्स द्वारा गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि गांधी जी के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं और विद्यार्थियों को उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाना चाहिए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बलौदाबाजार एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम अब्दुल वाहिद, सुमेधा, योगेंद्र कुमार कंवर एवं रासेयो जिला संगठक नरेन्द्र देव मिर्झा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रश्नोत्तरी में गांधी जी के जीवन, विचारों और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान से संबंधित प्रश्न पूछे गए।

# खरोरा महाविद्यालय में स्वयंसेवकों ने दिया स्वच्छता और अनुशासन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

स्व. रामप्रसाद देवांगन शास. महाविद्यालय, खरोरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की नियमित गतिविधि अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्वयंसेवकों ने मां सरस्वती और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पार्पण गुलाल लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। लीसा, मनीषा और कल्पना ने 'हम होंगे कामयाब' गीत का गायन तथा विभिन्न नारों का वाचन कर स्वयंसेवकों में जोश भरा। घनिष्ठा, सुषमा, योगिता आदि स्वयं सेवकों ने दीपावली पर्व के महत्व और फटाखों से होने वाले प्रदूषण पर अपने विचार व्यक्त किया।

- एनएसएस का दीपावली पर विशेष आयोजन



कार्यक्रम अधिकारी डॉ वाल्मीकि साहू ने अपने संबोधन में कहा कि दीपावली प्रकाश का, सत्य, धर्म की जीत और स्वच्छता का पर्व है। स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है। इसलिए सभी अपने घरों, कपड़ों की विशेष रूप से साफ सफाई करते हैं। यह त्योहार मां महालक्ष्मी की आराधना, उल्लास का पर्व है। हमें अपने अंदर के दुर्गुणों को दूर कर सद्ज्ञान, सद्गुणों का दीप जलाने की शिक्षा देता है। कार्यक्रम का संचालन कर रही हिना गेंद्रे ने सबको दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए स्वदेशी वस्तुओं से त्योहार मनाने अपील किया। इस अवसर पर करन, काजल, मुस्कान, संध्या, निकिता, रेशमी आदि अनेक स्वयं सेवक उपस्थित थे।




एक ही छत के नीचे सम्पूर्ण श्रृंखला
आपकी तरक्की में हाथ..'अरुण' के कृषि यंत्रों का साथ
अरुण ट्रेड कम्बाइन्स - कृषि उपकरणों की निर्माण में अग्रणी. हम बनाते हैं कृषि उपकरणों की वृहद श्रृंखला. अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण सर्वाधिक उपयोग में आने वाले उपकरण, जो बनते हैं बेस्ट पार्ट्स व कॉम्पोनेंट्स से.
अशोका सुपर डीलक्स थ्रेशर
शासन द्वारा अनुदान उपलब्ध
एलिवेटर मॉडल भी उपलब्ध
मजबूती का हाथ.. किसानों के साथ
• 5 फैन मॉडल
• 6 फैन मॉडल
• 7 फैन मॉडल
✦ आसान फाइनेंस की सुविधा
✦ बिक्री पश्चात सेवा सुविधा
ट्रेक्टर लोडर
ट्रेक्टर कम्प्रेशर
कॉन्क्रीट मिक्सर
ट्रेक्टर ट्रेलर
कुट्टी मशीन
ट्रेक्टर हार्वेस्टर कंबाइन
ट्रेक्टर लोडर
ट्रेक्टर हॉलर मिल
ट्रेक्टर क्रेन
ट्रेक्टर पोल इरेक्टर
मिनी ट्रेक्टर विथ लोडर
ट्रेक्टर कुट्टी मशीन
रीपर
ट्रेक्टर ज्ञायरोवेटर
वाटर टैंकर
ट्रेक्टर ट्रेंचर
हाइड्रॉलिक ग्रेडर
लेवलर
अरुण ट्रेड कम्बाईन
माना रोड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.) मोबाइल - 95168 55103
बलौदाबाजार - 9826611773 • भाटापारा - 9589898921
नयापारा - 9926148053 • अभनपुर- 7389886184
sumitadvertisers




सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
10 अक्टूबर 2025 SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
सायरा खान केस
शो समय - 3:00 PM, 9:00 PM
कंट्रोल
शो समय - 6:00 PM
जय सीतला मईया (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष चयन को लेकर भाटापारा में मंथन शुरू



**भाटापारा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत आज दोपहर नागपुर विधायक एवं बलौदाबाजार भाटापारा जिला पर्यवेक्षक नितिन राऊत भाटापारा विश्राम गृह पहुंचे उनके साथ पूर्व मंत्री मो.अकबर ,गुरमुख सिंह होरा,कोको पाढी भी साथ थे वहीं बंद कमरे मे सभी कार्यकर्ताओं से रायशुमारी ली गई कि अगला अध्यक्ष कौन होगा वहीं जिले मे जिलाध्यक्ष को लेकर जोरदार लाबिंग की जा रही है ,वही पर्यवेक्षक ने कहा कि यह जिला कांग्रेस संगठन के लिए काफी महत्वपूर्ण है वही सक्रियता से कांग्रेस को काफी लाभ भी मिलेगा ,जिलाध्यक्ष के लिए एक दर्जन से उपर नाम सामने आये है पर्यवेक्षक का कहना है कि सभी पर चर्चा के बाद नामो को दिल्ली भेजा जायेगा अंतिम फैसला वहीं होगा कि जिलाध्यक्ष कौन होगा।

### खिलोरा में मना राष्ट्रीय पोषण माह



**हथबंद ।** महिला एवं बाल विकास विभाग सिमगा ब्लॉक अंतर्गत सेक्टर हथबंद की सुपरवाइजर लक्ष्मी नायक के मार्गदर्शन में ग्राम खिलोरा में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था पौष्टिक आहार खाओ, कुपोषण को दूर भगाओ, जिसके अंतर्गत बच्चों और माताओं को संतुलित भोजन, स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें जनपद सदस्य नर्मदा जीवन साहू, सरपंच अनिता कुमारी साहू, उपसरपंच भागवत साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू साहू, कमला महिलांग, सोनम कुर्रे, तथा सहायिका कल्याणी, क्रूसनी, सुखवंतीन बंजारे, ग्रामीण सदस्य केदार साहू और गायत्री साहू प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

# कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का शिवरीनारायण नगर में आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

## सतनाम धर्म के आदर्शों पर चलने की दी प्रेरणा





सक्ती जिले के प्रभारी एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के प्रथम आगमन पर शिवरीनारायण नगर के अंबेडकर चौक में आयोजित स्वागत समारोह में अखिल भारतीय सतनाम सेना के पदाधिकारियों और समाजजनों ने गुरु साहेब का सेव-फल- से तौल कर आत्मीय अभिनंदन किया । "जय गुरु बाबा घासीदास" और "जय गुरु खुशवंत साहेब" के जयघोषों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा।

अपने उद्बोधन में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने समाज में एकता, सेवा और जागरूकता का संदेश देते हुए सभी को सतनाम धर्म के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति तभी संभव है जब हम सब मिल-जुलकर सेवा और सत्य के मार्ग पर अग्रसर हों। प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में जांजगीर चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, गुलाब सिंह चंदेल, संजीव बंजारे, लोकेश शुक्ला, अखिल भारतीय सतनाम सेना के जिलाध्यक्ष राजेश बघेल, उपाध्यक्ष किरण कठौतिया, कोषाध्यक्ष जय लहरे, वीरेंद्र बंजारे, सत्या सांडे, पंकज कुर्रे, विजय राय, सनी सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मांग : सतनामी समाज ने सीएम साय से की सौजन्य मुलाकात

# समाज भवन निर्माण व अनुदान राशि जल्द जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी /लवन



प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार की देर रात प्रदेश अध्यक्ष एल.एल. कोशले के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात कर विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की।

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि रायपुर में आयोजित समाज के शपथग्रहण समारोह में समाज कार्यालय एवं बहुउद्देशीय सामाजिक भवन निर्माण हेतु घोषित एक करोड़ रुपये तथा सतनाम धर्मशाला मड़वा के लिए घोषित 50 लाख रुपये की राशि शीघ्र जारी की जाए।

साथ ही कक्षा 10वीं और 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वेच्छानुदान राशि देने का भी निवेदन किया गया। इसके अलावा बलौदाबाजार आगजनी प्रकरण में निर्दोष लोगों को राहत देते हुए मामलों को वापस लेने, रायपुर के खुशबू गार्डन और महासमुंद के निर्माण कार्यों हेतु पूर्व स्वीकृत राशि पुनः जारी करने तथा समाज के कुछ अधिकारियों के स्थानांतरण आदेशों की समीक्षा करने की मांग भी की गई। मुख्यमंत्री साय ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी मोहन बंजारे, श्याम जी टांडे, विजय टंडन, सुशील बंजारे सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संतुलित आहार ही स्वस्थ जीवन की नींव: जनपद अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

- राष्ट्रीय पोषण माह पर सिमगा में भव्य आयोजन

महिला एवं बाल विकास विभाग सिमगा द्वारा आज परियोजना स्तरीय राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल उपस्थित रहे। साथ में वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडे, जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे. जिला महामंत्री हेम सिंह चौहान, महिला एवं बाल विकास सभापति वीना हरिशंकर वर्मा, जनपद सदस्य पुष्पा चेलक, अश्वनी पाल, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज टोंडे तथा ग्राम पंचायत कुकराचुंदा के सरपंच रामकृष्ण ध्रुव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी गेंदराम नारंग सहित समस्त सेक्टर पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल ने सही पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संतुलित आहार ही स्वस्थ समाज की नींव है। वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडे ने राष्ट्रीय पोषण माह के महत्व पर चर्चा करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वहीं जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे ने बच्चों में कुपोषण उन्मूलन तथा शाला पूर्व शिक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

### रेडी टू ईट को सराहा

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा शाला पूर्व शिक्षा में प्रयुक्त शिक्षण सामग्री एवं "रेडी टू ईट" से बने पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं जनसमूह द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

# शाला में लेखन गतिविधि से निखर रही बच्चों की कल्पनाशक्ति



**अर्जुनी।** शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में 15 अक्टूबर को रचनात्मक और कहानी लेखन गतिविधि का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रत्येक सप्ताह आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों में लेखन क्षमता कल्पनाशीलता तर्कशील सोच और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को अपने विचारों को शब्दों में पिरोने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस सप्ताह का विषय चुनाव रखा गया जबकि कहानी लेखन हेतु अंडा साड़ी मूर्ति, रोटी और सांप जैसे रोचक विषय दिए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने बड़ी उत्सुकता से लेखन किया और अपनी रचनाएँ कक्षा में तथा प्रार्थना सभा में प्रस्तुत कीं। शिक्षकों ने बच्चों के लेखन की सराहना करते हुए उन्हें और भी सृजनात्मक बनने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक हेमकुमार देवांगन ने बताया कि इस प्रकार की साप्ताहिक गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उनके भाषा ज्ञान और विचार शक्ति को भी समृद्ध करती हैं।

**अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन का सहयोग उल्लेखनीय**-विद्यालय परिवार ने इस पहल को लगातार जारी रखने का संकल्प लिया है ताकि हर बच्चा लेखन के माध्यम से अपनी सोच को अभिव्यक्त कर सके। प्रत्येक सप्ताह अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा विषय एवं कहानी के शब्द उपलब्ध कराया जा रहा है।

# गश्त में पुलिस ने युवक और नाबालिग को किया गिरफ्तार 290 पाव अवैध शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ घोटिया




पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी टीआई हेमंत पटेल के नेतृत्व में पलारी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान अवैध शराब परिवहन करने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम बिनौरी और कोसमंदी के बीच रात्रि पेट्रोलिंग गश्त के दौरान पुलिस को एक स्लेटी रंग की टीवीएस जुपिटर स्कूटी (बिना नंबर प्लेट) संदिग्ध हालत में जाते दिखाई दी। पुलिस को देखकर स्कूटी सवार युवक तेज रफ्तार से भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर प्रधान आरक्षक नरेश खूंटे, आरक्षक राजेश नवरंगे और संजय गुप्ता ने पकड़ लिया।

तलाशी लेने पर स्कूटी में 6 जूट के बैगों में भरी 290 पाव देशी मसाला शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से आरोपी अश्वनी कुमार सोनबरसा पिता ईश्वर प्रसाद सोनबरसा उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम कंजी थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार और एक नाबालिग साथी को पकड़ा। दोनों से पूछताछ में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके बाद पुलिस ने शराब और स्कूटी को जब्त करते हुए आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के दिशा-निर्देश पर अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# दीपावली पर शहर में बनेगा नो व्हीकल जोन, सख्त रहेगी यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



- सदर बाजार और जयस्तंभ चौक क्षेत्र में चारपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित
- रात 10 से सुबह 6 बजे तक ही होगी मालवाहन की आवाजाही, तीन जगह तय हुई पार्किंग

दीपावली और धनतेरस के अवसर पर शहर की भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से भाटापारा थाना में पुलिस, नगर पालिका और स्थानीय व्यापारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहार के दौरान विशेष यातायात योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है, जिसकी जानकारी एडीशनल एसपी हेमसागर सिदार ने दी। दीपावली के दौरान सदर बाजार और जयस्तंभ चौक क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में बड़ी और चारपहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। समी फोटो स्टूडियो से सचदेव सायकल स्टोर्स तक और अस्पताल चौक से रामसप्ताह चौक होते हुए गोविंद चौक तक सिर्फ दोपहिया वाहनों की आवाजाही को अनुमति दी गई है।

### पार्किंग के लिए तीन विशेष स्थल चिन्हित

*त्योहारों के दौरान ट्रैफिक दबाव को कम करने और अव्यवस्था से बचाने के लिए शहर में तीन मुख्य स्थानों को पार्किंग के लिए निर्धारित किया गया है।*

***रेलवे स्टेशन के सामने:*** *माता देवालय वार्ड, सिद्ध बाबा और स्टेशन क्षेत्र से आने वाले वाहनों की पार्किंग*

***जयस्तंभ चौक क्षेत्र:*** *सक्ती वार्ड, नयापारा, धुरंधर, हथनीपारा क्षेत्रों से आने वाले वाहन*

***मंडी प्रांगण:*** *देवरी, बस स्टैंड, सुरजपुरा जैसे बाहरी इलाकों से आने वाली गाड़ियों के लिए*







## निधन

### खोरबाहरा यादव



पलारी। नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्र 10 के प्रतिष्ठित नागरिक खोरबाहरा यादव 87 वर्ष का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा । वे संतोष यादव व पार्षद भूषण यादव के पिता व धुरेंद यादव के बड़े पिताजी थे।

